# जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची।

## अति आवश्यक सूचना

निदेशानुसार झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची अन्तर्गत विज्ञापन सं0–01/2025 के तहत् ग्रामीण/शहरी गृह रक्षकों के रूप में नवनामांकन हेतु दिनांक–15.06.2025 से 30.06. 2025 तक एवं विस्तारित तिथि–09.07.2025 से 16.07.2025 तक ऑन–लाईन आवेदन वेबसाईट www.recruitment.jharkhand.gov.in पर आमंत्रित किया गया था। गृह रक्षक नवनामांकन हेतु Online आवेदन करने वाले सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि आप सभी वेबसाईट www.recruitment.jharkhand.gov.in पर अपने–अपने User ID एवं Password से Login करके अपना नाम, पिता का नाम, पूर्ण पता (वर्त्तमान एवं स्थायी), जन्म तिथि एवं अपलोड किये गये दस्तावेज के साथ अन्य सभी प्रवृश्टियों को अंतिम रूप से जाँच कर लें। यदि उसमें कोई भी त्रुटि, प्रवृश्टि अपूर्ण या कोई दस्तावेज अपलोड नहीं हो तो इस आशय की सूचना आवेदन सहित जिला समादेश्टा कार्यालय, धुर्वा, राँची को दिनांक–11.08.025 से 20.8.2025 तक (अवकाश की तिथि छोड़कर) हस्तगत करावें। इसके उपरांत त्रुटी सुधार से संबंधित अभ्यावेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा और इसके लिए संबंधित अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेवार होगें।

**उपायुक्त–सह–अध्यक्ष गृह रक्षक नवनामांकन समिति, राँची का अनुमोदन प्राप्त है।**

**ह0/–**

**जिला समादेष्टा,**
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी,
राँची।